Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Need to re-start railway service of train no. 68814 / 68815 running between Balaghat and Nagpur.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): मेरे लोक सभा क्षेत्र में पिछले फरवरी माह में बालाघाट से नागपुर के लिए एक ट्रेन चालू हुई थी, जिसका क्रमांक 68814 और 68815 था । अचानक पिछले 10-15 दिनों पहले 10 दिन के लिए कहकर उस ट्रेन को बंद कर दिया गया । फिर अभी जानकारी मिली कि अब एक माह के लिए बंद कर दी गई । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र के लोग जो इलाज के लिए या मजदूर अपने काम के लिए नागपुर जाते थे, उस ट्रेन के बंद होने से लोगों को, पढ़ने वाले बच्चों को, आने जाने वाले किसानों को और व्यापारियों को भारी दिक्कतें हो रही हैं । वे बालाघाट से नागपुर के लिए तीन बजे जाते थे । यदि उसका समय बालाघाट से सुबह 6 बजे से और नागपुर से 7 बजे से आने का कर दिया जाए तो राजस्व की भी वृद्धि होगी और वहां जाने वाले सभी लोगों को सुविधा होगी ।